Manohar Memorial (P.G.) College, Fatehabad-125050
Recognized by Higher Education Department, Panchkula, Haryana
Govt. Aided College Affiliated to C.D.L.U., Sirsa
E-mail mmc1970ftbd@yahoo.co.in, Mob. 8950123924, 8950223924

MMC- 305

Dated: 23-01-2023

जरूरी सूचना

सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, फतेहाबाद से प्राप्त पत्र क्रमांक निर्वाचन–2023/31 दिनांक 15.01.2023 के संदर्भ में दिनांक 25 जनवरी, 2023 (बुधवार) को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर महाविद्यालय कैम्पस में प्रातः 9:00 बजे निम्नलिखित शपथ दिलवाई जाएगी। सभी **25 जनवरी, 2023 को प्रातः ठीक 9:00 बजे** शपथ के लिए इकट्ठे हो जाएं।

" हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा तथा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"

नोट :– निम्नलिखित प्राध्यापक अनुशासन बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों की पंक्तियां बनवाएंगे।

1. Dr. Narender Kumar (Pol. Science)
2. Dr. Sarban (Pol. Science)
3. Mrs. Tarika Narang (EVS)
4. Mrs. Shabina (Pol. Science)
5. Mr. Nihal (Economics)
6. Mr. Narender (Economics)

Duties Assigned :-

1.	Photography	-	Mr. Ramandeep Singh
2.	Electricity	-	Mr. Mahender
3.	Sound System	-	Mr. Sawan
4.	Cleanliness	-	Mr. Vinod Kumar, Supervisor

प्राचार्य

OFFICE OF DEPUTY COMMISSIONER CUM DISTRICT ELECTION OFFICER, FATEHABAD
कार्यालय उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, फतेहाबाद

क्रमांक निर्वाचन–2023/21 दिनांक: 18.01.23

सेवा में:–

सभी विभागाध्यक्ष,
जिला फतेहाबाद।

विषय:– **25 जनवरी 2023 को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ दिलवाने बारे।**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आपको विदित है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अपने स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया हुआ है। प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मतदान केन्द्र स्तर से लेकर, ब्लॉक, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, जिला स्तर और राज्य स्तर पर मनाया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक को पंजीकृत करने निर्वाचक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाना है।

इसी उद्देश्य के साथ आपके विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पर्व में अहम भूमिका निभाने के लिए जागरूक करना है ताकि वह अपने आस–पड़ोस में जागरूकता फैला सकें, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत हो सकें।

इस पत्र के साथ आपको मतदाता शपथ भेजते हुए लिखा जाता है कि आप दिनांक 25/01/2023 को पूर्व दोपहर आपके कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाएं तथा रिपोर्ट/फोटो इस कार्यालय के ई–मेल elt_ftb@yahoo.in पर भिजवाने का कष्ट करें।

यह आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न/मतदाता शपथ

कृते: उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
फतेहाबाद।

कार्यालय कमरा नं. 71, दूसरी मंजिल, लघु सचिवालय, फतेहाबाद – 125050 (HCS) दूरभाष 01667–230148
E-Mail: elt_ftb@yahoo.in D:\Election\Official\Hindi Official Letter Onward 01_01_2020.docx 1344

मतदाता शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।